| Registration No: | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

**H2 – 2025**

**Subject Code 03**

# HINDI

Time : 3 Hours 00 Minutes] [Total No. of Questions : 42] [Max. Marks : 80

**सूचनाएँ:**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।
2. प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।
3. प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।
4. खण्ड-'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

03

## खण्ड – 'क'

I. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए: **(10 × 1 = 10)**

1) सुजान ने गाँव में यह बनवाया -

i) पाठशाला ii) पक्का कुआँ

iii) मंदिर iv) सड़क

2) 'सुजान भगत' पाठ के लेखक हैं -

i) श्यामसुंदरदास ii) ममता कालिया

iii) प्रेमचंद iv) हरिशंकर परसाई

3) लेखिका की बड़ी बहन का नाम यह है -

i) सुशीला ii) बुलाकी

iii) मीना iv) बेला



03 Hindi 04-2025.indd 1 16-04-2025 11:46:56

4) विश्वेश्वरय्या इसके बड़े पाबंद थे -

i) पैसा
ii) खाना
iii) सोना
iv) समय

5) जापानी मुद्रा यह है -

i) येन
ii) डॉलर
iii) टाका
iv) रूपये

6) 'स्लम डाग मिलियनेर' फिल्म इनके पुस्तक के आधार पर बनी है -

i) अजय गुप्ता
ii) हरजेन्द्र चौधरी
iii) विकास स्वरूप
iv) ऋचा मिश्र

7) बेटी सजने-धजने से यह महसूस करती है -

i) बंधन
ii) प्रेम
iii) घृणा
iv) क्रोध

8) भारतीयता यहाँ बहु रूप में सँवरती है -

i) तमिलनाडू
ii) कन्नडनाडू
iii) आंध्रप्रदेश
iv) उत्तर प्रदेश

9) दादाजी का पोता परेश इस पद पर था -

i) जिलाधिकारी
ii) नायब तहसीलदार
iii) प्राध्यापक
iv) चिकित्सक

10) हर बात पर अपने मायके की तारीफ यह करती रहती है -

i) इन्दु

ii) मालवी

iii) मँझली बहू

iv) बेला

(आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: **(5 × 1 = 5)**

(की, में, ने, का, पर, से)

11) चैत ____________ महीना था।

12) शताब्दी ____________ सबसे बड़ी उपलब्धि 15 अगस्त 1947 है।

13) हाथ ____________ गिलास छूट गया।

14) बिल्ली ____________ सारा दूध पी लिया।

15) नाव नदी ____________ डूब गई।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: **(5 × 1 = 5)**

| | |
|---|---|
| 16) a) आँखें फाड़े देखना | (i) टाल मटोल करना |
| b) मक्खी मारना | (ii) प्यार करना |
| c) उँगली पर नचाना | (iii) चकित होकर देखना |
| d) घर का उजाला | (iv) इच्छानुसार कार्य करवाना |
| e) अगर-मगर करना | (v) इज्ज़त बढ़ानेवाला |
| | (vi) बेकार बैठना |



03 Hindi 04-2025.indd 3 16-04-2025 11:46:56

## खण्ड – 'ख'

II. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **(2 × 3 = 6)**

17) झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए।

18) समाज में कौन-कौन सी समस्याएँ बढ़ रही हैं?

19) मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।

20) चीफ की दावत के समय माँ की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

21) 'अभी ऐसे बूढ़े नहीं हो गए कि कोई काम ही न कर सकें।'

22) 'बंद करो अब इस मन्नू का घर से बाहर निकलना।'

23) 'पर ऐसा कभी नहीं हुआ था।'

24) 'यहाँ के डेंटिस्ट तो मक्खी मारते होंगे।'

III. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए: **(1 × 3 = 3)**

25) गोपिकाएँ अपने आपको क्यों भाग्यशालिनी समझती हैं?

26) कर्मयोग के स्वरूप के बारे में रहीम के क्या विचार हैं?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए: **(1 × 3 = 3)**

27) मानवता के प्रति कवि नरेन्द्र शर्मा के विचार प्रकट कीजिए।

28) कर्नाटक के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति के संबंध में 'मानव' के क्या उद्गार हैं?

29) 'हो गई है पीर पर्वत-सी' ग़ज़ल से पाठकों को क्या संदेश मिलता है?

(इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **(2 × 3 = 6)**

**30)** ऐसा चाहो राज में, जहाँ मिले सबन को अन्न।
छोटा-बड़ो सभ सम बसै, रैदास रहै प्रसन्न॥

**अथवा**

अति अगाधु अति औथरौ, नदी, कूप, सरू बाइ।
सो ताकौ सागरू, जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ॥

**31)** ऐसा तेरा लोक, वेदना
नहीं, नहीं जिसमें अवसाद,
जलना जाना नहीं, नहीं -
जिसने जाना मिटने का स्वाद!

**अथवा**

अबकी घर लौटा तो देखा वह नहीं था-
वही बूढ़ा चौकीदार वृक्ष
जो हमेशा मिलता था घर के दरवाजे पर तैनात।

**खण्ड –'ग'**

**IV.** (अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: **(1 × 5 = 5)**

**32)** बेला ने सारा फर्नीचर और सामान कहाँ रख दिया और क्यों?

**अथवा**

दादा जी की क्या आकांक्षा थी?

(आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: **(1 × 4 = 4)**

**33)** शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा?

**अथवा**

प्रायश्चित को लेकर पिता और पुत्र के बीच हुए संवाद को लिखिए।



03 Hindi 04-2025.indd 5 16-04-2025 11:46:56

## खण्ड – 'घ'

V. (अ) वाक्य **शुद्ध** कीजिएः **(1 × 3 = 3)**

34) i) वह एक दिन मेरा पास आया था।

ii) ममता ने कहानी सुनाया।

iii) हम तीन भाई हूँ।

(आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिएः **(1 x 3 = 3)**

35) i) माली पौधों को पानी दे रहा है। (भविष्यतकाल में बदलिए)

ii) कबीर देश की सेवा करता है। (भूतकाल में बदलिए)

iii) हमारा जीवन सदा अनेक कार्यों में व्यस्त रहेगा। (वर्तमान काल में बदलिए)

(इ) अन्य लिंग रूप लिखिएः **(1 x 3 = 3)**

36) i) बेटा ii) अध्यापिका iii) मुर्गी

(ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः **(1 x 3 = 3)**

37) i) बच्चों के लिए उपयोगी

ii) जल में रहनेवाला

iii) जो अभी-अभी पैदा हुआ हो

(उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिएः **(1 x 2 =2)**

38) i) कर्म

ii) लायक

(ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिएः **(1 x 2 = 2)**

39) i) महत्वपूर्ण

ii) प्रभावित



03 Hindi 04-2025.indd 6 16-04-2025 11:46:56

**VI.** (अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः **(1 x 4 = 4)**

**40)** धर्म को लोगों ने धोखे की दुकान बना रखा है। वे उसकी आड़ में स्वार्थ सिद्ध करते हैं। बात यह है कि लोग धर्म को छोड़कर संप्रदाय के जाल में फँस रहे हैं। संप्रदाय बाह्य कृत्यों पर जोर देते हैं। वे चिह्नों को अपनाकर धर्म के सार-तत्व को छोड़ देते हैं। धर्म मनुष्य को - अंतर्मुखी बनाता है। उसके हृदय किवाड़ों को खोलता है, उसकी आत्मा को विशाल, मन को उदार तथा चरित्र को उन्नत बनाता है। संप्रदाय संकीर्णता सिखाते हैं, जात-पांत, रूप-रंग तथा ऊँच-नीच के भेद भावों से ऊपर नहीं उठने देते।

प्रश्नः

i) धर्म को लोगों ने किसकी दुकान बना रखी है ?

ii) लोग धर्म को छोड़कर किसके जाल में फँस रहे हैं ?

iii) धर्म मनुष्य को क्या बनाता है ?

iv) संप्रदाय क्या सिखाते हैं ?

(आ) **41)** निबन्ध लिखिएः **(1 x 4 = 4)**

मनोरंजन के साधन

**अथवा**

आप पीयूसी द्वितीय वर्ष की छात्रा सुमेधा हैं। अपने बड़े भाई अरमान की शादी में भाग लेने के उद्ददेश्य से चार दिन की छुट्टी माँगते हुए अपने कॉलेज के प्राचार्यजी को एक आवेदन पत्र लिखिए।

(इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिएः **(1 x 3 = 3)**

**42)** i) ನಾವು ವೈಜ್ಞಾನಿಕ ಮನೋಭಾವನೆಯನ್ನು ಅಳವಡಿಸಿಕೊಳ್ಳಬೇಕು.

**We have to adopt scientific temperament.**

ii) ಕಠಿಣ ಪರಿಶ್ರಮವಿಲ್ಲದೇ ಸಫಲತೆಯು ಸಿಗಲಾರದು.

**There is no success without hardwork.**

iii) ನಾವು ಪರಸ್ಪರ ಪ್ರೀತಿಯಿಂದ ಬಾಳಬೇಕು.

**We have to live together with love.**



03 Hindi 04-2025.indd 7 16-04-2025 11:46:56

03 Hindi 04-2025.indd 8 16-04-2025 11:46:56